बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

<u>विस्तृत सूचना</u>

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार स्वास्थ्य सेवा के अधीन बेसिक ग्रेड दन्त चिकित्सक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि॰सं॰– 05/2015 के अंतर्गत अर्हित अभ्यर्थियों में से विज्ञापन की कंडिका– 5 (i), (ii), (iii), टिप्पणी एवं 5 (ख) के आलोक में रिक्ति/रिक्तियों से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने के कारण आरक्षण कोटिवार रिक्ति/रिक्तियों के पाँच गुणा उम्मीदवारों को मेधा के आधार पर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया है।

2. साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किये जाने वाले अभ्यर्थियों का आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ अंक निम्नवत् हैः–

क्रम सं॰	आरक्षण कोटि	कट–ऑफ–मार्क्स
1.	अनारक्षित (01)	33.43
2.	अनुसूचित जाति (02)	19.83
3.	अनुसूचित जनजाति (03)	17.90
4.	अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04)	17.21
5.	पिछड़ा वर्ग (05)	29.04
6.	पिछड़ा वर्ग की महिला (06)	18.05
7.	निःशक्त उम्मीदवार	22.72

3. औपबंधिक रूप से अर्हित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार (प्रथम चरण में अनुक्रमांकवार) दिनांक– 14.12.2017 से दिनांक 13.01.2018 तक आयोजित किया जायेगा। साक्षात्कार कार्यक्रम (प्रथम चरण) आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। शेष उम्मीदवारों का अनुक्रमांकवार साक्षात्कार कार्यक्रम (द्वितीय चरण) बाद में प्रकाशित किया जायेगा।

साक्षात्कार कार्यक्रम (प्रथम चरण) के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवार अपने अनुक्रमांक के आधार पर साक्षात्कार पत्र, साक्षात्कार की तिथि से एक सप्ताह पूर्व आयोग के बेवसाईट <u>www.bpsc.bih.nic.in</u> से डाउनलोड कर नियत तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। **किसी अभ्यर्थी को डाक के माध्यम से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जाएगा।** सभी अर्हित अभ्यर्थियों को तत्काल पूर्णतः औपबंधिक रूप से साक्षात्कार में शामिल कराया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थियों की अर्हता पर यथासमय निर्णय लेने का अधिकार आयोग को सुरक्षित रहेगा।

4. साक्षात्कार पत्र निर्गत होने या साक्षात्कार में भाग लेने से किसी अभ्यर्थी की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित अभ्यर्थियों की अर्हता पर कभी भी अन्तिम निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

17/11/17

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना